भारत सरकार	लोक सभा
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय	अतारांकित प्रश्न संख्या 2847
(वाणिज्य विभाग)

<u>दिनांक 03 अगस्त, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>

"वाइब्रेंट इंडिया एक्सपो"

2847. श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:
श्री श्रीरंग अप्पा बारणे:
श्री रविन्दर कुशवाहा:
श्री रवि किशन:
श्री राम कृपाल यादव:
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:
श्री बिद्युत बरन महतो:
श्री सुब्रत पाठक:
श्री प्रतापराव जाधव:
श्री सुधीर गुप्ता:

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वाइब्रेंट इंडिया, 2022 एक्सपो का 8वां संस्करण हाल ही में नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित किया गया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त मेले की थीम और मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(ग) वाइब्रेंट इंडिया, 2022 एक्सपो में कुल कितनी कंपनियों ने भाग लिया और उक्त मेले में कितना अपेक्षित व्यवसाय किया गया;

(घ) उक्त मेले से घरेलू अर्थव्यवस्था और देश में नए व्यापारिक विचारों को किस प्रकार बढ़ावा मिलने की संभावना है;

(ड.) क्या सरकार का देश के अन्य भागों में ऐसे एक्सपो आयोजित करने का विचार है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और देश में घरेलू व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा आगे क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

<u>वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री</u>

<u>(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)</u>

(क) से (ख): वाइब्रेंट इंडिया 2022 के 8 वें संस्करण का आयोजन वाइब्रेंट इंडिया इवेंट सॉल्यूशन, अहमदाबाद नामक एक निजी कंपनी द्वारा प्रगति मैदान, नई दिल्ली में किया गया था। मेले का विषय हाउसवेयर और होम एप्लायेंसिस था।

(ग) से (घ) : मेले का आयोजन एक निजी कंपनी द्वारा किया गया था और उनके द्वारा सूचित किया गया है कि मेले में लगभग 150 कंपनियों ने भाग लिया था। आयोजकों ने इस आयोजन को व्यवसाय से व्यवसाय मेले के रूप में विज्ञापित किया था, जिसमें व्यापारिक आगंतुकों/खरीदारों की मुख्य रूप से देश के भीतर उत्पादों के प्रचार के लिए व्यवसायिक बातचीत होती थी।

(ड.) से (च): भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) विदेशी बाजारों में भारतीय कंपनियों के उत्पादों की क्षमता का पता लगाने के लिए विदेश में प्रदर्शनियों में इनकी भागीदारी का आयोजन करता है। पूरे देश में भारतीय कंपनियों को ब्रांड लॉन्च, संवर्धन, स्थितिकरण और नए व्यवसाय गठ जोड के साथ-साथ खुदरा बिक्री के लिए साझा मंच प्रदान करने हेतु आईटीपीओ व्यवसाय से व्यवसाय (बी2बी) और व्यवसाय से उपभोक्ता (बी2सी) दोनों घरेलू व्यापार मेलों का भी आयोजन करता है। इन प्रदर्शनियों में बहु उत्पाद फ्लैगशिप भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ) दिल्ली, आहार अंतरराष्ट्रीय खाद्य एवं आतिथ्य मेला दिल्ली, भारतीय अंतरराष्ट्रीय चमड़ा मेला (आईआईएलएफ) चेन्नई, भारतीय अंतरराष्ट्रीय फुटवियर मेला (आईआईएफएफ) नई दिल्ली, भारतीय अंतरराष्ट्रीय सिक्योरिटी एक्सपो (आईआईएसई) दिल्ली, दिल्ली पुस्तक/स्टेशनरी मेला, नई दिल्ली और नक्षत्र मेला शामिल हैं। आईटीपीओ प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय और घरेलू व्यापार मेलों का व्यापक प्रचार करता है।

अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में भाग लेने और घरेलू कार्यक्रमों के आयोजन के अलावा, भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) विभिन्न उद्योगों/क्षेत्रों से संबंधित आयोजकों को प्रगति मैदान में खाली जगह (हॉल आदि) और सेवाएं भी प्रदान करता है, जो विभिन्न प्रदर्शनी कंपनियों को विदेशी प्रतिभागियों सहित इन प्रदर्शनियों में आने वाले अपने संभावित खरीदारों को अपने उत्पाद/सेवाओं का प्रदर्शन करने में सहायता करता है। इससे भारतीय कंपनियों को अपने व्यवसाय नेटवर्क का निर्माण करने और घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों प्रकार के खरीदारों से सुरक्षित ऑर्डर प्राप्त करने में मदद मिलती है। आईटीपीओ ने वर्ष 2017-18 में 71 मेले, वर्ष 2018-19 में 72 मेले, वर्ष 2019-20 में 69 मेले, वर्ष 2020-21 में 2 मेले (कोविड प्रतिबंध के कारण) और वर्ष 2021-2022 में 25 मेले आयोजित किए हैं।

आईटीपीओ ने चल रहे अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी-सह-कन्वेंशन सेंटर (आईईसीसी) परियोजना के एक भाग के रूप में अत्याधुनिक 50,000 वर्ग मीटर वातानुकूलित प्रदर्शनी स्थान के साथ एक नया प्रदर्शनी परिसर (हॉल 2-5) भी बनाया है। ये हॉल दिनांक 13 अक्टूबर, 2021 को आरंभ किए गए थे और इन परिसरों का उपयोग व्यापार और उद्योग द्वारा मेलों के आयोजन और अपने उत्पादों के प्रदर्शन के लिए किया जाता है ।

****